# प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया जाएगा : कलक्टर

## वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान 5 से 20 जून तक, तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान को लेकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 जून, 2025 से 20 जून, 2025 तक राज्य में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी।

- अधिकारी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निष्पादन कर कार्यक्रम को सफल बनाएं : कलक्टर




**वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान को लेकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।**

जिला कलक्टर ने बिंदुवार आयोजित कार्यक्रमों को लेकर विभागों की अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान के अंतर्गत लक्ष्यानुरूप पौधारोपण करने हेतु आवश्यक गड्ढे खोदने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गड्ढे मानक अनुरूप खोदे जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सरकार की मंशानुरूप आयोजित हो रही गतिविधियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इसे एक जन आंदोलन बनाने हेतु प्रयास करें।

बैठक में प्लास्टिक उपयोग, वेस्ट मैनेजमेंट, जागरूकता गतिविधियों, साफ-सफाई कार्य सहित अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपखंड स्तर पर भी अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए ताकि अभियान सफल हो सके। उन्होंने कहा कि सीएसआर एवं भामाशाहों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्य करवाएं. कार्यक्रमानुसार 4 जून को रन फॉर एन्वायरमेंट का आयोजन बानसूर उपखंड में करने हेतु उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 5 जून को गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम, वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला व सांस्कृतिक संध्या, नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, तुलसी पौधा वितरण, लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम, हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी, नेचर वाक, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिताएं एवं बाल सभा व वंदे गंगा प्रभात फेरी, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, रैली आदि का आयोजन किया जायेगा।

6 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा व जल परीक्षण अभियान आयोजित किया जायेगा। साफ-सफाई, श्रमदान, वंदे गंगाजल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशुओं के लिये साफ पीने के पानी की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिये परिंडे बांधना आदि गतिविधियों का आयोजन होगा।

7 जून को जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों से संबंधित विषय पर विचार विर्मशध्संगोष्ठी का आयोजन, स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जायेगा। 8 जून को वंदे गंगा प्रभात फेरी एवं जागरूकता अभियान रैली, चिन्हित स्थानों पर श्रमदान किया जायेगा। 9 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण द्वारा नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ, नये जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यो का शुभारम्भ एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन, पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा साफ-सफाई व पौधा रोपण कार्य सहित अन्य कार्य करवाये जायेगे।

जल संबंधी नवीन कार्यो का शुभारम्भ, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी, हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी व 11 जून को वन विभाग पौधा रोपण हेतु गडढे खोदना, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, तुलसी के पौधो का वितरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। 2 जून को कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा सिप्रिंकलर ड्रिप, फार्म पौण्ड, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, स्वीकृत कार्यो का अवलोकन एवं नये कार्यो की स्वीकृतियां, कम्पोस्टिंग तकनीक का प्रचार-प्रसार करना, लघु सिंचाई संयत्रो की प्रदर्शनी, कृषि विज्ञान केन्द्रो पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला व प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल, डिग्गियों की साफ-सफाई और जल स्त्रोतो की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल स्त्रोतों पर दीप प्रज्वलन, अमृतः 2.0 अर्तगत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम, शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोण हेतु अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई आदि कार्यक्रम होंगे। 13 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, जल परीक्षण अभियान और 14 जून को उद्योग विभाग द्वारा सीएसआर कार्यशाला आयोजित करना, 15 जून को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की जागरूगता हेतु निबन्ध लेखन, नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक का आयोजन किया जायेगा।

इसी तरह से 16 जून से 20 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन-गामीण राजीविका, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, वन विभाग, कृषि एवं उद्यान, स्वायत्त शासन विभाग, जल संसाधन, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, भू-जल द्वारा विभिन्न जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां आयोजित करवाई जावेगी। हरिमोहन बैरवा अधीक्षण अभियन्ता पदेन परियोजना प्रबन्धक (डब्ल्यू.सी.डी.सी.) कोटपूतली-बहरोड ने समस्त कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान समस्त एसडीएम अधिकारी, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी, विकास अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सायबर ठगी के दो आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार




**सायबर टीम ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से सायबर दो ठगों को गिरफ्तार किया।**

**कोटा, (निसं)।** सायबर ठगी के दर्ज मामले में सायबर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सायबर ठगी के दो ठगों को उतरप्रदेश के प्रयागराज से डिटेन कर गिरफ्तार किया है।

पुलिस सायबर टीम ने आरोपियों के पास से ठगी में प्रयुक्त एक मोबाइल भी बरामद किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि नान्ता रोड़ निवासी फरियादी यशवंत चौधरी ने थाने में 5 मार्च को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि उसके फेसबुक आईडी मैसेंजर पर एक चेट रिकवेस्ट आई जिसके माध्यम से मोबाइल के व्हाटसअप पर लिंक भेजकर एक अशमिता चौधरी नाम की लड़की द्वारा एप डाउनलोड करवाया जाकर एप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग करवाई गई और ट्रेडिंग के दौरान अलग-अलग खातों में से मेरे 5 लाख 42 हजार रूपये की ठगी कर ली गई।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने बैंकों से प्राप्त रिकॉर्ड का विशलेषण कर उन खातों को सम्बधित बैंकों में पत्राचार किया जाकर डेबिट फ्रीज करवाया गया तथा तकनीकी विशलेषण कर संदिग्ध मोबाइल एप कें डोमेन से संबधित रिकॉर्ड, व सीडीआर का गहन विशलेषण कर आरोपियों की पहचान कर सायबर टीम द्वारा आरोपी जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश के ग्राम मलियाड़ी निवासी इन्तजार अहमद (38) एवं जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश के ग्राम मिनाजपुर निवासी वसीम (36) को प्रयागराज उत्तरप्रदेश से डिटेन कर ठगी के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के बैंक खातो में करीब 25 करोड़ की ठगी राशि प्राप्त हुई है गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पकड़े गये दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी वसीम को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया एवं आरोपी इन्तजार को पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# डीजे कोर्ट खोले जाने पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री व विधि मंत्री का आभार जताया

**कोटपूतली,।** राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय (डीजे कोर्ट) एवं इसके समकक्ष न्यायालय, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (सीजेएम कोर्ट), किशोर न्याय बोर्ड व उपभोक्ता संरक्षण बोर्ड खोले जाने की घोषणा पर विधायक हंसराज पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधि मंत्री जोगाराम पटेल का आभार व्यक्त करते हुये इस संघर्ष में मिले बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के सहयोग पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

साथ ही जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा व नारायणपुर के अभिभाषक संघों, अधिवक्ताओं व आमजन को भी बधाई दी है। पटेल ने कहा कि यह जीत कोटपूतली वासियों की एकता व संघर्ष की जीत है। जिस प्रकार आसपास की तहसीलों व विधानसभा के नागरिकों, अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समर्थन के साथ कोटपूतली के अधिवक्ताओं, आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं व विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने बेहद संयम दिखाते हुये शांतिपूर्ण तरीके से दो माह तक आन्दोलन किया। उससे कोटपूतली की मांग को और भी मजबुती मिली। राज्य सरकार ने यहाँ के लोगों की वाजिब मांग को देखते हुये इसे पुरा किया है। पटेल ने कहा कि डीजे कोर्ट खुलने से कोटपूतली में न्यायिक सुविधाओं का विस्तार होगा। जिससे यहां के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। साथ ही परिवादियों के लिये न्याय सस्ता, सुलभ होगा। उन्हें 100 किमी दूर जयपुर जाने की जरूरत नहीं होगा।

पटेल ने बहरोड़ व नीमराणा के अधिवक्ताओं व आमजन से भी इस उपलब्धि में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलवर जाने से अच्छा बहरोड़ व नीमराणा क्षेत्र के परिवादी एवं अधिवक्ता मात्र 20 किमी दूर कोटपूतली आयें तो उनके लिये ज्यादा आसानी होगी। भविष्य में यह हम सभी के लिये लाभदायी सिद्ध होगा। पटेल ने सभी से आपसी टकराव व भेदभाव भुलाकर नवगठित जिले के सर्वांगीण विकास में शामिल होने की अपील की।

# हमले के दो आरोपियों को सजा सुनाई

**कोटा, (निसं)।** युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमले के करीब साढ़े छह साल पुराने मामले में महिला उत्पीड़न क्रम-1 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी शुभम उर्फ देवेन्द्र मेहरा एवं विष्णु शर्मा को दोषी मानते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई। साथ ही 11-11 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में जानकारी के अनुसार 17 अगस्त 2018 को फरियादी इमरान खान ने रामपुरा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 17 अगस्त 2018 की शाम को जयपुर गोल्डन के पास स्थित चाय की दुकान पर चाय पीने गया था। दुकान के काउंटर के पास खड़ा था, उसी दौरान बाइक से शुभम और उसका साथी आया और आते ही शुभम ने जान से मारने की नियत से देशी पिस्टल से फायर कर दिया। अचानक हुए घटनाक्रम के चलते वह साईड से झुक गया जिससे वह बच गया और हमलावर मौके से भाग गये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया।

पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए लाड़पुरा निवासी शुभम मेहरा एवं कुन्हाड़ी निवासी विष्णु शर्मा, दीपक व मयंक को गिरफ्तार किया था।

# पेंटालून हर्निया का सफल ऑपरेशन

**जयपुर।** सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। अस्पताल में पहली बार रोबोट की मदद से पेंटालून (सैडल बैग) हर्निया की सर्जरी की गई है। यह राज्य की पहली रोबोटिक पेंटालून हर्निया सर्जरी है, जिसे पूरी तरह सफल माना गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। एसएमएस हॉस्पिटल में सर्जरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पेंटालून हर्निया में इंसान के दो तरफ से हर्निया बाहर आता है, जिसे अमूमन सामान्य सर्जरी या लेप्रोस्कोपी के जरिए ऑपरेट किया जाता है लेकिन हमारी टीम ने इसे रोबोट मशीन के जरिए ऑपरेट किया। इससे मरीज के कम ब्लड लॉस और छोटे से चीरे से ही सफल ऑपरेशन हो गया।

# 75 वर्षीय बुजुर्ग से 23.56 लाख की ठगी, दिल्ली से मुख्य ठग गिरफ्तार

**जयपुर,।** साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक 75 वर्षीय बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए 23.56 लाख रुपये की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। जयपुर के इस मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य बैंक खाताधारक सुरेश कुमार जाट उर्फ सुरेंद्र पुत्र बलबीर सिंह निवासी अलसीसर जिला झुंझुनू हाल रोहणी नई दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी साइबर अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि पीड़ित ने 27 मई, 2025 को जयपुर साइबर क्राइम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 23 मई को उन्हें दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आए थे। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन से संजय कुमार बताया। ठग ने पीड़ित को डराया कि उनके नाम से खरीदे गए एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और आपत्तिजनक संदेश भेजने के लिए किया गया है। उसे बताया गया कि उसके खाते में 2.80 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है और उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी हो चुका है।

एसपी कुमार ने बताया कि ठगों ने मामले को और विश्वसनीय बनाने के लिए पीड़ित की बात सीबीआई के मुख्य जांच अधिकारी रोहित कुमार गुप्ता से करवाई। इस नकली अधिकारी ने भी वही बातें दोहराईं और पीड़ित को एक वीडियो कॉल पर एक अदालत का दृश्य दिखाया, जिसमें एक न्यायाधीश डेस्क पर बैठकर आदेश देते हुए दिख रहे थे। न्यायाधीश ने कथित तौर पर आदेश दिया कि यदि पीड़ित जिनका नाम संतोष कुमार भार्गव बताया गया, राशि जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाए और उनके सभी खाते फ्रीज कर दिए जाएं। इस सुनियोजित जाल में फंसकर पीड़ित ने 26 मई, 2025 को कृष्णा सर्जिकल नाम के आईसीआईसीआई बैंक खाते में 23.56 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सफलता शिकायत मिलने के बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना, जयपुर ने तुरंत एफआईआर संख्या 04/2025 दर्ज की और उप पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार मेवानी के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम और एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार के सुपरविजन में टीम ने गहन तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए आईसीआईसीआई बैंक खाते का विश्लेषण किया।

जांच में सामने आया कि 26 मई को इस खाते में पीड़ित सहित विभिन्न व्यक्तियों से लगभग 3 करोड़ रुपये जमा हुए थे और उसी समय नेट बैंकिंग के माध्यम से अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिए गए थे। यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत खाताधारक की पहचान कर ली। साइबर क्राइम पुलिस थाना से सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार और हेड कांस्टेबल दौलतराम के नेतृत्व में एक टीम तत्काल दिल्ली के लिए रवाना हुई।

# जल्द शुरू होंगे मंगला पशु बीमा योजना के रजिस्ट्रेशन

**जयपुर, ।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। योजना के तहत पशुपालक परिवारों के 21 लाख गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट का रिस्क कवर किया जाएगा। इस बार पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट के साथ ही बीमा पॉलिसी जारी करने को लेकर योजना का क्रियान्वयन करने वाले राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग को निर्देशित किया गया है। योजना की समीक्षा बैठक शासन सचिवालय में पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई। इसमें पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, वित सचिव नवीन जैन, राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

- पशुपालन मंत्री ने योजना की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये
- वर्ष-2024-25 का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर जताई नाराजगी



**मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों की बैठक ली।**

केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की इस महात्वाकांक्षी योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पशुओं का हेल्थ सर्टिफिकेट जारी होता है उसके साथ ही उसकी बीमा पॉलिसी भी जारी हो। उन्होंने बीमा पॉलिसी जारी करने की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सर्वेयर की संख्या में बढ ोतरी के लिए कहा। बैठक में बजट घोषणा-2025-26 के मुताबिक इस बार 42 लाख पशुओं का बीमा कवर करने के संबंध में चर्चा हुई। इसके लिए वित विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

पशुपालन मंत्री श्री कुमावत ने बताया कि वर्ष-2024-25 में कुल 16 लाख 72 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से पशुपालन विभाग ने 9 लाख 76 हजार पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट जारी कर दिए हैं। इनमें से 4 लाख 40 हजार राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग (एसआईपीएफ) की ओर से बीमा पॉलिसी जारी कर दी गई है। शेष बीमा पॉलिसी व हेल्थ सर्टिफिकेट जारी करने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया गया है।

इसके साथ ही बजट 2025-26 की घोषणा के तहत नए रजिस्ट्रेशन के लिए इसी महीने ऑनलाइन आवेदन शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि इस बार इस कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा करने के उदेश्य से बीमा कंपनी को सर्वेयर की संख्या बढ ाने के लिए कहा गया है।

आपको बता दें इस योजना के तहत पशुओं की आकस्मिक मृत्यु पर पशुपालक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत प्रदेश के जनआधार धारक पशुपालक पात्र होंगे। बीमा के लिए गोपालक क्रेडिट कार्ड धारक और लखपति दीदी पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 16 और 12 का आरक्षण है। पंजीकरण के समय पशु की टैगिंग अनिवार्य है। चयनित पशुपालकों के दुधारू पशु (गाय, भैंस) या बकरी, भेड़ व ऊंट का निःशुल्क बीमा किया जाएगा। लेकिन यह बीमा केवल उन्ही पशुओं का होगा जो अन्य किसी योजना में बीमित नहीं हैं। यह बीमा एक वर्ष के लिए होगा और पशुपालक को इसके लिए कोई प्रीमियम नहीं देना होगा।

बीमा राशि का निर्धारण पशु की नस्ल, उम्र और उत्पादन क्षमता के आधार पर किया जाएगा, लेकिन अधिकतम राशि 40,000 रुपए से अधिक नहीं होगी।

# जेएमए साइकिल रैली से देगी पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जयपुर।** जयपुर मेडिकल एसोसिएशन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को सुबह छह बजे पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए एक साइकिल रैली आयोजित की जाएगी। रैली में जयपुर के सैकड़ों चिकित्सक साइकिल से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी और सचिव डॉ. अनुराग तोमर ने बताया कि रैली को जयपुर मेडिकल एसोसिएशन भवन से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र गर्ग द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। रैली जयपुर मेडिकल एसोसिएशन भवन से महारानी कालेज, अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़ होते हुए हवामहल तक जाएगी। वहां से वापस जयपुर मेडिकल एसोसिएशन सभागार में आएगी। प्रतिभागियों का प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मान किया जाएगा

# छत से गिरने से अधेड़ की मौत

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना इलाके में छत से गिरने से घायल अधेड़ की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर प्रथम निवासी संजय भारती (47) सोमवार रात्रि को खाना खाकर घर की छत पर टहलने गया था। छत की दीवार पर बैठा हुआ था तभी नींद की झपकी लगने से अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर गया। जिसे घायलावस्था में उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान संजय भारती ने दम तोड़ दिया।

# 'दिया की पाठशाला' में छात्रों से दिल की बात

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली क्लास

**जयपुर, ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय पहुँचीं, जहाँ उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं बल्कि एक प्रेरणादायक शिक्षण सत्र बन गया, जिसे बच्चों ने 'दिया की पाठशाला' नाम दिया।

करीब एक घंटे तक चला यह संवाद सत्र हल्के-फुल्के अंदाज़ में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही गंभीर मुद्दों और भावनात्मक चर्चाओं का केंद्र बन गया।

परीक्षा खत्म हो गई है, रिजल्ट आ गया है, तो अब खुशी का माहौल है या अगली चुनौती का दबाव?

छात्रों ने बेझिझक जवाब दिए- किसी ने आगे की पढ़ ाई की चिंता जताई तो किसी ने कहा, अब कोई दबाव नहीं, बस आगे बढ़ ना है। दिया कुमारी ने पूछा कि क्या एग्ज़ाम का प्रेशर महसूस होता है, क्या पैरेंट्स अंकों को लेकर दबाव बनाते हैं?

साथ ही यह भी पूछा कि जिनके दोस्त प्राइवेट स्कूलों में पढ़ ते हैं, क्या इससे फर्क महसूस होता है?

एक छात्रा ने उत्तर दिया, अब सरकारी स्कूल भी किसी मायने में कम नहीं हैं, पढ़ ाई का स्तर बहुत अच्छा हो गया है।

मोबाइल और टीवी के इस्तेमाल पर चर्चा करते हुए एक छात्र ने मुस्कुराते हुए कहा, फायदा तभी है जब सही चीज़ें देखें, वरना नुकसान ही नुकसान है।

इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी बात हुई। जब 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र आया, तो छात्रों ने भारतीय सैनिकों की बहादुरी को गर्व के साथ बताया।

जब उपमुख्यमंत्री ने सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी सैन्य अधिकारियों का ज़िक्र किया और पूछा कि क्या कोई लड़की मिलिट्री सर्विस में जाना चाहती है, तो कई छात्राओं ने आत्मविश्वास से हाथ खड़े किए। अगर आप राजनीति में आएंगे तो क्या बदलाव लाना चाहेंगे?

- देश का भविष्य रोशन करेगा यह उजियारा - उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी
- करीब 1 घंटे तक बच्चों ने उपमुख्यमंत्री से किया संवाद
- विद्याधर नगर के महात्मा गांधी स्कूल में छात्र-छात्राओं के साथ उपमुख्यमंत्री की क्लास

इस पर छात्राओं ने जवाब दिया, हम महिला सुरक्षा को मजबूत बनाना चाहेंगे ताकि कोई लड़की डरे नहीं, चाहे वह स्कूल जा रही हो, काम पर या अपने सपनों की ओर।

जब 'मन की बात' कार्यक्रम की चर्चा आई तो कई छात्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातें उन्हें प्रेरित करती हैं, खासकर जब वे युवाओं को आगे बढ़ ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम में एग्ज़ाम फीवर से भी दूर रहने के उपाय प्रधानमंत्री ने बताए थे और वह पूरा एपिसोड क्लास में देखा था। उपमुख्यमंत्री ने भी प्रधानमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि 2014 के बाद देश में शिक्षा, रोजगार और विकास की दिशा बदली है।

दिया कुमारी ने छात्रों को यह भी बताया कि सिर्फ प्रतिशत और अंकों के जाल में उलझना जरूरी नहीं, बल्कि खेल, स्टार्टअप और नई तकनीकी विधाओं में भी सुनहरा भविष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कम अंक आने पर भी निराश होने की जरूरत नहीं, क्योंकि कभी-कभी नियति हमें बेहतर राह दिखाने के लिए दिशा बदलती है।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने टॉपर्स और परीक्षा पास करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए, और सभी विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

निराशा जीवन नहीं है, दिल की आशा ही उम्मीद के नए शिखर तक ले जाती है। इस संदेश के साथ दिया कुमारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। 'दिया की पाठशाला' केवल संवाद नहीं, एक प्रेरणा बनीः जहाँ आत्मविश्वास, विचार और बदलाव की ऊर्जा हर चेहरे पर झलक रही थी।